## सार-समाचार

### जोधपुर रेलवे स्टेशन पर श्रमदान

**जोधपुर**, (कासं)। यात्रियों को स्वच्छ और बेहतर रेल परिसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर सोमवार को जोधपुर रेलवे स्टेशन पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के निर्देशानुसार अभियान में रेल अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। पार्सल कार्यालय से एमडीडीटीआई क्षेत्र तक सघन सफाई कार्यक्रम संचालित किया गया। इस दौरान परिसर में जमा कचरा हटाया गया,प्लेटफॉर्म व आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई तथा स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों के साथ विभिन्न विभागों के रेल कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और श्रमदान करते हुए स्टेशन परिसर की साफ-सफाई में सहयोग किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में भी बताया और सभी को अपने कार्यस्थल को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता अभियान में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक दिलीप कुमार, दीपक त्रिवेदी, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक मान सिंह राठौड़,मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक किशनलाल चांवरिया,मुख्य टिकट निरीक्षक सुनील तथा स्टेशन प्रबंधक विजयलाल शर्मा सहित अन्य रेल कर्मचारियों ने भाग लिया और श्रमदान किया।

### डेजर्ट ट्रेकिंग शिविर में 4 रोवर का चयन

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में 24 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय डेजर्ट ट्रेकिंग रोवर रेंजर शिविर में जिले के 4 रोवर का चयन हुआ है। सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि जैसलमेर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय डेजर्ट ट्रेकिंग शिविर में राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जिलों से 150 रोवर रेंजर सहभागिता करेंगे, शिविर में सहभागिता करने वाले रोवर रेंजर प्रतिदिन 10 से 15 किलोमीटर की पैदल ट्रेकिंग कर विभिन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। रात्रि हाइक, नाइट कैंपिंग, डेजर्ट सफारी, ओर भारत पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा का विजिट कर भारतीय सेना के जवानों के साथ अनुभव सांझा करेंगे। पाली जिले से इस शिविर में राजकीय बांगड़ महाविद्यालय पाली से 3 रोवर विवेक, भावेश ओर जितेंद्र टांक तथा शिवाजी ओपन रोवर क्रू से रोवर सुरेश कुमार का चयन राज्य मुख्यालय द्वारा शिविर में सहभागिता के लिए किया गया है। शिविर में चयन होने पर सी ओ गाइड डिंपल दवे, जिला मुख्य आयुक्त, जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रकाश चंद्र सिंघाड़िया ओर जिला संगठन के विभिन्न पदाधिकारी ने बधाई दी एवं शुभकामनाएं दी है।

### फूलों की होली, फाग गीतों पर नृत्य

**जोधपुर**, (कासं)। सूर्यनगरी में इन दिनों होली का त्योहार नजदीक आने के साथ ही अनेक गली-मोहल्लों, मंदिरों में फाग उत्सव मनाए जा रहे हैं। इस दौरान फागणियां पोशाक में शामिल हो रही महिलाएं फाग गीतों की प्रस्तुतियां भी दे रही हैं। आज उदयमंदिर स्थित विष्णु भवन में फागोत्सव मनाया गया। चिंकी राजपूत ने बताया कि फागोत्सव की शुरूआत गणेशजी के भजन की गई। भगवान गणेश के जयकारों, फाग गीतों और भजनों से भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में वीणा कंवर, उमा कंवर, संजू कंवर, चिंकी राजपूत, बबीता कंवर, श्रुति सिंह, देवेन्द्र कौर, विमला नागपाल, पिंकी बमोत्रा, किरण बाला, अम्बिका सिंह, अर्चना गुर्जर, सीमा बागरेचा, सुमन कंवर, पूजा मिश्रा, कविता सैन, प्रीति शर्मा, कल्पना प्रजापत, संजू भाटी, जसोदा भाटी, कमला राजपुरोहित, निर्मला खत्री आदि महिलाओं ने पुष्पों की होली खेलकर प्रेम और आस्था का संदेश दिया, जिससे पूरा माहौल दिव्य सुगंध और भक्तिरस से सराबोर हो गया। महिलाओं ने फाल्गुनी धुनों ने वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

### अवैध निर्माण पर तत्काल कार्रवाई मांगी

**जालोर** , (कासं)। जालोर शहर के आसन की पोल के वास हो रहा अवैध निर्माण कार्य रुकवाने को लेकर गोस्वामी समाज सेवा समिति, जालोर की ओर से आयुक्त, नगर परिषद जालोर को ज्ञापन सौंपकर सार्वजनिक सडक पर किए जा रहे अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाने एवं ध्वस्त करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि संस्था की भूमि/परिसर के समीप स्थित नगर परिषद की सार्वजनिक सडक पर कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना वैध स्वीकृति एवं नक्शा पास कराए नियमों के विरुद्ध निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध हो रहा है और आमजन को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। समिति का कहना है कि यह निर्माण नगर परिषद के नियमों का खुला उल्लंघन है तथा सार्वजनिक भूमि पर अति मण कर जनहित और कानून व्यवस्था के विपरीत है। यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो भविष्य में यह स्थायी अति मण का रूप ले सकता है, जिससे संस्था एवं क्षेत्रवासियों को गंभीर परेशानी उठानी पड सकती है। समिति ने मांग की है कि संबंधित स्थान पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाया जाए, जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नगर परिषद की भूमि/सडक पर अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाए।

### फिजियोथैरेपी-एक्यूप्रेशर शिविर संपन्न

**जोधपुर**, (कासं)। स्व. राजकुमार सिंह भण्डारी की स्मृति में स्व. राजकुमार सिंह भण्डारी मेमोरियल ट्रस्ट एवं दिव्यालोक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क फिजियोथैरेपी एवं एक्यूप्रेशर शिविर सोमवार को सम्पन्न हुआ। शिविर में 500 से अधिक रोगियों का उपचार किया गया। संस्थान की सेंटर प्रभारी संजुलता गौड़ ने बताया कि शिविर में जांच एवं उपचार के लिए साढ़े चार सौ से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया। इसके अलावा भी आने वाले रोगियों का उपचार किया गया। समापन अवसर पर संस्थान अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने कहा कि आहत से राहत के उद्देश्य से स्थापित संस्थान ने पूरी तन्मयता के साथ शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को राहत प्रदान की, जो सराहनीय है। सुमेरमल गौड़ ने कहा कि परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। स्वर्गीय राजकुमार सिंह भंडारी हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे और आज उनका परिवार भी उसी समर्पण भाव से समाज सेवा से जुड़ा हुआ है। सेवाएं देने वाले थेरेपिस्टों का सम्मान भी किया गया। ।

### स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग का ज्ञापन

**रेवदर**, (निसं)। गुलाबगंज गांव से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग-168 पर स्पीड ब्रेकर लगाने को लेकर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ग्राम गुलाबगंज से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की अत्यधिक तेज गति होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं हाल ही में दो दुर्घटनाएँ घटित हुई हैं, जिनमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा दूसरे व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामवासियों की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ विद्यालय में पढने वाले बच्चों की सुरक्षा भी अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय के पास से प्रतिदिन सैकडों बच्चे आते-जाते हैं, और तेज गति से गुजरते वाहनों के कारण उनकी जान को गंभीर खतरा बना रहता है। ज्ञापन के माध्यम से सभी ग्रामवास निम्न स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लिखमिदास मंदिर के पास ओर सरकारी विद्यालय के पास बच्चों की सुरक्षा हेतु गुलाबगंज बस स्टैंड पर दो स्पीड ब्रेकर लगाए जाए। इन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और विशेषकर विद्यालय के बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। लक्ष्मण सिंह बीका, जीवा राम चौधरी, रूपा राम, प्रदीप माली, अर्जुन बोराना आदि मौजूद रहे।

### डॉ. उम्मेद कंवर का नीट पीजी में चयन

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर की कालका कॉलोनी निवासी डॉ. उम्मेद कंवर को प्रथम प्रयास में नीट पीजी परीक्षा 2025 में एम डी (रेडिएशन ऑनकोलॉजी) के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल चंडीगढ अलॉट हुई है । जालोर की इस होनहार बेटी ने वर्ष 2025 में एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से एमबीबीएस की डिग्री कंप्लीट की तथा इंटर्नशिप के साथ ही प्रथम प्रयास में राजकीय सेवा में मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सक) बनी। प्रथम प्रयास में ही नीट पीजी की सीट निकालने में सफलता हासिल करने पर समाज बंधुओ ने बधाई देकर खुशी जाहिर की। यह बालिका प्रारम्भ से ही पढने में अव्वल रही है। इनके पिता पुखसिंह भाटी राज्य सेवा में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र गोदन में कार्यरत है।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा

**जोधपुर**, (कासं)। श्री प्रजापति समाज सोनी बाई भवन सरदारपुरा के तत्वावधान में अखिल भारतीय कुम्हार (प्रजापति) समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 5 अप्रैल को किया जाएगा। यह सम्मेलन श्री विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल (जांगिड़ भवन) शास्त्री नगर दल्ले खां चौराहा के पास पाल रोड में आयोजित होगा।

# जोधपुर में जे.डी.ए. का 1789 करोड़ का बजट पारित

**जोधपुर, ( कासं )।** जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) का बजट आज अध्यक्ष व सम्भागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक में पारित किया गया। इस साल 1789 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी ने बताया कि जोधपुर शहर के चहूंमुखी विकास एवं प्राधिकरण की आय के स्त्रोत बढ़ाने के क्रम में प्राधिकरण द्वारा शहरवासियों के लिए बजट वर्ष 2026-27 में चार नवीन योजनाएं प्रस्तावित की गई है। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम चौखा में सरदार पटेल आवासीय विस्तार योजना, बासनी लाच्छा में प्रस्तावित नवीन आवासीय योजना, मोगड़ा कलां में ट्रांसपोर्ट नगर एवं ऑटोमोबाईल विस्तार योजना के साथ-साथ ग्राम चौखा में नवीन आवासीय योजना प्रस्तावित की गई।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट 178900 लाख रुपए की प्राप्तियां के मुख्य स्त्रोत भूमि की ब्रिकी से आय, वर्गीकृत आवासीय योजनाओं से प्राप्तियां, भूमि रूपान्तरण से आय, नगरीय कर एवं शहरी जमाबन्दी से प्राप्तियां, निक्षेपों एवं धरोहर से प्राप्तियां तथा अन्य आय यथा ऋणां से प्राप्तियां, शुल्क, शास्तियां, ब्याज, किराया, डिपोजिट कार्य से प्राप्तियां, वेतन से कटौती एवं अग्रिम वसूली आदि से आय का अनुमान है।

इसी प्रकार वित्तिय वर्ष 2026-27 के दौरान 178900 लाख रुपए के कुल व्यय एवं भुगतानों का अनुमान के अन्तर्गत सामान्य प्रशासन, विकास कार्यों पर व्यय, राज्य सरकार का अंशदान तथा अन्य व्ययों का प्रावधान रखा गया है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकास कार्यों पर व्यय के लिए प्रस्तावित 152191 लाख रुपए के बजट प्रावधान अनुसार प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित महत्वपूर्ण कार्यों के अन्तर्गत जोधपुर शहर में भाटी चौराहा, जलजोग चौराहा एवं अन्य स्थानों पर अन्डरपास निर्माण कार्य के लिए 5000 लाख रुपए, मेहरानगढ़ फोर्ट के लिए राव जोधा मार्ग (घोडा घाटी रोड) के विकास, सौन्दर्यकरण तथा लाईटिंग के कार्य के लिए 1000 लाख रुपए, लूणी पंचायत समिति से राजाराम शिक्षण संस्थान तक फुटओवर ब्रिज का निर्माण कार्य के लिए 500 लाख रुपए, पंचकुंडा क्षेत्र के सौंदर्यकरण तथा संबंधित अन्य विकास कार्य हेतु 500 लाख रुपए, श्री गणेश मंदिर रातानाडा में विकास एवं सौन्दर्यकरण के कार्य के लिए 600 लाख रुपए, सालावास से कांकाणी तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 500 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

प्राधिकरण के वंचित क्षेत्रो में सीवरेज लाईन एवं एसटीपी की डीपीआर, कंसल्टेंसी एवं निर्माण कार्य के लिए 2000 लाख रुपए, विवेक विहार एसटीपी से उपचारित अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग के लिए डीपीआर कंसल्टेंसी एवं आवश्यक निर्माण कार्य के लिए 1000 लाख रुपए, मुख्य सडक़ों पर स्मार्ट स्पीड डिटेक्शन सिस्टम के लिए 175 लाख रुपए, मुख्य स्थानों पर डिजिटल आउटडोर एलईडी डिस्पले पैनल बीओटी के लिए 400 लाख रुपए, आउटर रिंग रोड जोधपुर के लिए डीपीआर कार्य के लिए 200 लाख रुपए, कायलाना से सिद्धनाथ तक सडक़ सुदृढीकरण एवं चौड़ाईकरण कार्य के लिए 300 लाख रुपए एवं जोधपुर के अनकवर्ड क्षेत्रों में ट्रैफिक सिग्नल लाईट्स लगवाने के कार्य के लिए 100 लाख रुपए का भी बजट प्रावधान किया गया है।

जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकास कार्यों पर व्यय के लिए प्रस्तावित 152191 लाख रुपए के बजट प्रावधान अनुसार श्रेणीवार मुख्यत: प्राधिकरण योजना क्षेत्र, प्राधिकरण की योजनाओं से इतर प्राधिकरण क्षेत्र, शहरी क्षेत्र में विकास कार्य एवं मुख्यमंत्री बजट घोषणा एवं डिपोजिट कार्य पर व्यय किया जाएगा तथा कार्यवार शहरी क्षेत्र में सडक़ निर्माण, नाला-नाली निर्माण, विद्युतीकरण, जलापूर्ति, सीवरेज, यातायात सुधार, वृक्षारोपण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए जोनवार बजट प्रावधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त पार्क, सामुदायिक भवन, चारदीवारी, बस क्यू शेल्टर, अन्य यूटिलिटी सेवाओं के विकास के लिए भी आवश्यक बजटीय प्रावधान किए गए है।

बैठक में सचिव चंचल वर्मा, एडीएम सिटी-प्रथम अंजूम ताहिर सम्मा, जेडीए निदेशक, उपायुक्त सहित डिस्कॉम, राज. आवासन मण्डल, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पर्क पोर्टल की परिवेदनाओं का निस्तारण करें : डॉ. गावंडे

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर जालोर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी औसत समय में कमी लाते हुए परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

इस अवसर पर जिला परिषद जालोर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद किशोर राजोरा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी, वन विभाग के एसीएफ भंवर सिंह सोढ़ा, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, नगर परिषद के आयुक्त दिलीप माथुर, सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा, पीएचईडी के एसई संजय शर्मा, सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

### खड़े वाहनों में आग लगाई

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में बदमाशों ने घर के बाहर खड़े डंपर, ट्रक, कार और कैम्पर में आग लगा दी। आरोपियों ने ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर पीड़ित के घर को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ये वाहन जलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

राजीव गांधी नगर थाने में एडवोकेट रविंद्र चौधरी ने बताया कि रविवार रात करीब 3 बजे 10 से ज्यादा बदमाश चारदीवारी फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने वहां खड़े वाहनों पर पेट्रोल और कांच की बोतलों में भरे ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। दोनो पक्षों के बीच केरू गांव में पत्थर के खनन को लेकर विवाद चल रहा है।

### राजसखी मेला आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। जिला प्रशासन एवं राजीविका के तत्वावधान में स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय 'राजमखी मेला' ग्रामीण महिला उद्यिमयों के लिए अत्यंत सफल रहा। 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित इस मेले में शहरवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। सोजत ब्लॉक से राजीविका समूह से जुड़ी महिलाओं ने मेले का भ्रमण कर विभिन्न स्टॉलों से खरीदारी की।

मेले के दौरान विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थापित स्टॉलों के माध्यम से कुल 2 लाख रुपये से अधिक का व्यापार दर्ज किया गया।

मेले के उद्घाटन के साथ ही जिले के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की स्टॉलों पर ठाहकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। हस्तशिल्प, घरेलू मसाले, सजावटी सामठाी एवं पारंपरिक राजस्थानी परिधानों की विशेष मांग रही।

रविवार को अवकाश होने के कारण आगंतुकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे बिक्री में जबरदस्त उछाल आया और कुल व्यापार 2 लाख रुपये के आंकड़े को पार कर गया।

मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए शुद्ध एवं पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों ने आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। स्वच्छता एवं घर जैसे स्वाद के कारण फूड स्टॉलों पर दिनभर भीड़ बनी रही, जिससे कुल बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

## मजदूर के घर में हुई चोरी के दो आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट की बासनी पुलिस ने सांगरिया फांटा स्थित अमरावती नगर में दिनदहाड़े एक मजदूर के मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिरों को पकड़ा है। एक के खिलाफ पहले ही आठ प्रकरण अलग अलग धाराओं के सामने आए है।

आरोपियों से चोरी के चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए है। घटना 19 फरवरी की है।

थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि सांगरिया फांटा स्थित अमरावती नगर में रहने वाले एक मजदूर मुकेश पुत्र ओमाराम भाट ने रिपोर्ट दी कि वह 19 फरवरी को मजदूरी पर गया था। पत्नी भी साथ थी। वापिस शाम को लौटा तो ताले टूटे मिले। अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। अज्ञात चोरों ने वहां से चांदी का कंदोरा, बिचुडियां, पायजेब, अंगुठियां, सोने की लूंग जोड़ी आदि जेवरात चोरी कर ले गए।

थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि चोरी की इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीम एएसआई पप्पाराम, कांस्टेबल दिनेश सैन एवं राकेश की लगाई गई। पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से दो शातिर नकबजन राधा कृष्ण विहार सांगरिया फांटा निवासी विकास कुमार पुत्र गौरीशंकर एवं भोमियाजी कॉलोनी सालावास रोड निवासी सुनील पुत्र ओमप्रकाश की पहचान की। बाद में दोनों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के पास चांदी के कुछ आभूषण जब्त किए गए है। अन्य चोरियों की वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।आरोपी विकास कुमार के खिलाफ पूर्व में आठ प्रकरण बासनी, जीआरपी थाने में दर्ज हो रखे है। जिसमें चोरी, आर्म्स एक्ट आबकारी आदि में दर्ज है।

## अंग्रेजी शराब बरामद की

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर चलाई जा रही स्पेशल चेकिंग ड्राइव के दौरान ट्रेन में अवैध रूप से ले जाई जा रही बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। चैकिंग देख कर शराब लेकर सफर कर रहा यात्री ट्रेन से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि जालोर के वाणिज्य निरीक्षक नटवर दान चारण को विशेष जांच के दौरान 22 फरवरी को जैसलमेर से रवाना हुई ट्रेन संख्या 20491 जैसलमेर-साबरमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जनरल कोच में 22 फरवरी की रात रानीवाड़ा और भीलड़ी स्टेशनों के बीच एक संदिग्ध ट्रॉली बैग दिखाई दिया। बैग के पास बैठे यात्री से पूछताछ करने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

इसी दौरान ट्रेन जब मारवाड़ रतनपुर स्टेशन के पास धीमी हुई तो वह यात्री बैग छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसके बाद बैग की जांच करने पर उसमें करीब 100 क्वार्टर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। वाणिज्य निरीक्षक चारण ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बरामद शराब ट्रॉली बैग सहित जीआरपी जालोर को सुपुर्द कर दी।

सीनियर डीसीएम ने बताया कि डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के निर्देशानुसार जोधपुर मंडल की ट्रेनों में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए इस तरह के विशेष जांच अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं और आगे भी जारी रहेंगे।

## आयुर्वेद वि.वि. में राष्ट्रीय विद्धकर्म कार्यशाला हुई

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्धकर्म का आयोजन किया गया। यह अकादमिक कार्यक्रम मानव संसाधन विकास केंद्र एवं स्नातकोत्तर शल्य तंत्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल की अध्यक्षता एवं कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरू प्रोफेसर वी.एस. जैतावत के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं धन्वंतरि वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर पुणे के प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य एवं विद्धकर्म विशेषज्ञ डॉ. अमोल उत्तम बंसोड़े मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आयुर्वेद की पारंपरिक पराशल्य विधाओं का वैज्ञानिक पुनर्स्थापन समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, कि विद्धकर्म जैसी प्राचीन एवं प्रभावी चिकित्सा पद्धित को शोध एवं प्रशिक्षण के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर जैतावत ने कहा कि आयुर्वेद एवं कृषि विश्वविद्यालय साथ मिलकर के आमजन की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेंगे। मुख्य वक्ता डॉ. अमोल उत्तम बंसोड़े ने अपने विस्तृत व्याख्यान में विद्धकर्म की मूल अवधारणा, शास्त्रीय संदर्भ, प्रक्रिया-विधि एवं वैज्ञानिक आधार पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण लाइव डेमो एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण सत्र रहा, जिसमें प्रतिभागियों को बिंदु चयन, सुई प्रवेश की तकनीक, गहराई नियंत्रण एवं पश्चात् देखभाल की व्यावहारिक जानकारी दी गई। स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विशेषज्ञ मार्गदर्शन में प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रोफेसर ए नीलिमा, शल्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रो. महेंद्र कुमार शर्मा, बोर्ड ऑफ स्टडीज के अध्यक्ष प्रो. गोविंद प्रसाद गुप्ता एवं परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राजाराम अठावाल , डॉ राकेश कुमार शर्मा , प्रोफेसर दिनेश शर्मा सहित संकाय सदस्य, छात्र उपस्थित रहे।

शल्य तंत्र विभाग के संकाय सदस्यों में प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, सह प्राध्यापक डॉ. विष्णु दत्त शर्मा, सह प्राध्यापक डॉ. नीरज कुमार शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रेम कुमार एवं डॉ. राजीव सोनी सहित अन्य समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### हादसे में एक जने की मौत

**पिण्डवाडा**, (निसं)। सिरोही से पिण्डवाडा आने वाले राष्ट्रीय राज्य मार्ग जनापुर चौराहा हाईवे मार्ग पर यात्रियों से भरी रोडवेज बस को बचाने के चलते सिरोही की ओर से आ रहा ट्रक टेलर अनियंत्रित होकर चौराहे के किनारे पर पलट गया। चौराहे पर खडे दो मोटरसाइकिल सवार ट्रक के नीचे दब गए।इस दुर्घटना में ट्रक के नीचे दबने से एक युवक की हुई गंभीर मौत और एक अधेड गंभीर घायल हुआ।

इस दुर्घटना के बाद हाईवे पर कई किलोमीटर तक जाम लग गया। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर 1.45 बजे करीब शहर के फॉर लाइन हाईवे मार्ग की जनापुर चौराहे पर सिरोही रोड बस स्टैंड से राजस्थान रोडवेज की यात्रियों से भरी हुई बस सिरोही की ओर रवाना हुई थी यात्री बस जैसे ही जनापुर चौराहे हाईवे मार्ग पार करने लगी। इस दौरान सिरोही की ओर से राखोडा जिप्सम मिट्टी से भरा हुआ ट्रेलर ट्रक आया। बस को बचाने के चलते अचानक ब्रेक लगे। ट्रक विपरीत दिशा में जाकर पलट गया।

## सार-समाचार

### प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत चयनित जालोर ब्लॉक के विकास के लिए 1.5 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत चयनित जालोर ब्लॉक में शिक्षा विभाग को 62 लाख 80 हजार रूपये, महिला एवं बाल विकास विभाग जालोर को 56 लाख व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जालोर को 31 लाख 20 हजार की राशि विभिन्न संसाधनों के उपापन व क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं। जिसके तहत शिक्षा विभाग में 62 लाख 80 हजार की राशि से स्मार्ट क्लास रूप के लिए आईएफपीडी सेट व प्रोजेक्टर सेट लगाए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग में 56 लाख की राशि से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में फर्नीचर व आईसीटी (स्मार्ट टीवी) आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए व्यय किए जाएंगे। इसी प्रकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में 31 लाख 20 हजार की राशि से प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, आईईसी एवं कार्यशाला, बीपी मशीन, स्टेथेस्कॉप, फेटोस्कॉप, वेइंग मशीन (वजन तौलना), थर्मामीटर, एचबी (डिजिटल), ग्लूकोमीटर, ग्लूकोमीटर स्ट्रिप्स, शार्प डिस्पोजल कंटेनर, इनफेन्ट वेइंग स्केल, ऑटोक्लेव, रेडियंट वार्मर, सक्शन मशीन, मल्टीपर मीटर पेशेंट मॉनीटर, अब्स्टेट्रिक्स लेबर टेबल, स्पुतम कलेक्शन कंटेनर, लेबर टेबल, क्रेश कार्ड ट्रोली, बकेट ट्रोली व ऑटोक्लेव फॉर लेबर रूम आदि संसाधानों का उपापन व क्रियान्वयन किया जायेगा।

### विकसित भारत युवा संसद आयोजित

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में 25 फरवरी को जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से परिचित कराना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में जिले के 18 से 25 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतिभागियों के लिए रिपोटिंग समय प्रात: 9 बजे से निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य मनीष अखावत की अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय प्रशासन के स्टाफ सदस्य आर.एल.नोगिया, कृष्णा देवल ,डॉ.प्रताप सिंह, दिनेश कुमार मीणा, राजल मिश्रा आदि व मेरा युवा भारत केन्द्र के प्रतिनिधि चन्दन भी उपस्थित रहे तथा आयोजन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजकगण डॉ. मनीष सिंह एवं राज कुमार जलवानिया ने बताया कि युवा संसद कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने, संसदीय परंपराओं को समझने तथा समसामयिक विषयों पर सार्थक संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा।

### सैन समाज ने मांग बताई, ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। सैन समाज जालोर ने बीकानरे के रणजीपुरा गांव में समाज के एक की बालिका की हत्या के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिलवाने की मांग को लेकर जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के गांवडे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि बीकानेर के रणजीपुरा गांव (बज्जु) में 21 फरवरी को सेन समाज की बारह वर्षीय बेटी वसुंधरा जो कक्षा आठवीं की छात्रा थी । जिसकी कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उसका अपहरण करके उसका बलात्कार किया गया। उसके बाद उसकी निर्मल हत्या कर की गई। वही उसके शव को पास ही जंगल में फेंक दिया गया। सोमवार को घटना को तीन दिन होने को आ गए है। अभी तक पुलिस ने दोषियों की गिरफ्तारी नहीं कर पा रही है। अभी तक उस नाबालिग बेटी का पोस्टमार्टम भी नहीं होगा। जब तक सैन समाज की बेटी को न्याय नही मिलेगा। वही परिवार को आर्थिक सहायता समय रहते नही देकर न्याय नही दिया गया तो राजस्थान का सम्पूर्ण सैन समाज बीकानेर में महापडाव करेगा। जिसकी जिम्मेदारी राजस्थान सरकार व प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन में आरोपियो को जल्द से जल्द गिरफतार क सजा दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन देने जोगेश सैन, नारायणलाल, मांगीलाल, पी. बी. सैन,अशोक, दिपेश, अमृत सहित काफी संख्या में सैन समाज के लोग मौजूद रहे।

### बादल बारोट बने मिस्टर मॉडल महाराष्ट्र

**जालोर**, (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय फैशन फैस्ट एण्ड अवार्ड 2026 का ऑल इंडिया फैशन एसोसिएशन एवं हिन्दूस्तान ब्रेड क्लब की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में जालोर के बादल बारोट मिस्टर मॉडल महाराष्ट्र चुने गये। कार्यक्रम में फैशन, टैलेंट और ग्लैमर का अनूठा संगम देखने को मिला। जहाँ देशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जालोर (राजस्थान) के उभरते हुए मॉडल बादल सिंह बारोट मिस्टर मॉडल महाराष्ट्र और मिस मॉडल महाराष्ट्र राजश्री राठौड, टीन मॉडल महाराष्ट्र गणपत परमार , टीन मॉडल महाराष्ट्र और निशा रावल को 'मॉडल ऑफ महाराष्ट्र अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संस्थापक आईआईएफए शिवायसिंह परमार एवं सावित्री जोशी संस्थापक दिल्ली मॉडलिंग स्कूल द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई चर्चित सितारे, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, फैशन डिजाइनर एवं कोरियोग्राफर उपस्थित रहे। साथ ही प्रेसिडेंट आरबीसी सेंडी राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढाई। इस उपलब्धि से जालौर सहित पूरे राजस्थान में गर्व और उत्साह का माहौल है।

### बालोतरा पुलिस का अभियान कीटनोद से

**बालोतरा**, (निसं)। जिले में सुरक्षित और नशामुक्त समाज की संकल्पना को साकार करने के लिए बालोतरा पुलिस द्वारा अपना गांव, अपनी जिम्मेदारी अभियान का आगाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के प्रथम चरण की औपचारिक शुरुआत कल, 24 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे जसोल थाना क्षेत्र के कीटनोद गांव से होगी। इस विशेष जनजागरूकता कार्य म में पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार से लेकर बीट कांस्टेबल राकेश तक के अधिकारी सीधे ग्रामवासियों के बीच मौजूद रहेंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करना और जनसंवाद के माध्यम से स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सहारा लिया जाएगा कला और संगीत- संगीत एवं नाटकों के माध्यम से नशे के घातक दुष्परिणामों को दर्शाया जाएगा, ताकि युवा पीढी को इस लत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा सके। डिजिटल जागरूकता- साइबर अपराधों के बढते खतरों को देखते हुए विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल प्रेजेंटेशन दी जाएगी। इसमें ऑनलाइन ठगी से बचाव, सुरक्षित डिजिटल लेनदेन और सोशल मीडिया के सतर्क उपयोग के गुर सिखाए जाएंगे।

### पानी की डिग्गी में डूबने से महिला की मौत

**बालोतरा**, (निसं)। डंडाली गांव की पानी की डिग्गी में पानी भरते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में एक महिला चली गई, जिसकी डूबने से मौत हो गई। जिसकी सूचना पर बालोतरा से राजेश भाई पंजाबी के साथ रवाना हो कर बचाप दल के सदस्य डंडाली पहुंचे। बालोतरा तैराक टीम के जवान राजस्थान होमगार्ड से गौतम गहलोत सिविल डिफेंस के जनक माली और स्थानीय तैराक गोपाल माली ने रात्रि में बडे कठिनाइयों के साथ ठंडे पानी से शव को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू कर शव को रात्रि 11 बजे तक बाहर निकाला। इस दौरान सिणधरी डीओ तन सिंह मौजूद रहे।

### प्रतिनिधित्व मांगा

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड को जोधपुर संभाग के भील समाज को पार्टी संगठन में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञापन में बताया वर्ष 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए बताया गया है कि जोधपुर संभाग में भील समाज की लगभग 9.5० लाख जनसंख्या है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि करीब 8० प्रतिशत भील समाज परंपरागत रूप से भाजपा का समर्थक और मतदाता रहा है।

**आम सूचना**

मैं विनोद कुमार पुत्र श्री मांगी लाल उम्र 33 वर्ष जाति सोनी, निवासी फोलावास, जालोर, तहसील व जिला जालोर, राज्य राजस्थान-343001 इस आम सूचना के जरिये हर आम व खास को सूचित करता हूँ कि मेरी फर्म मैसर्स श्री शान्तिनाथजी असेइंग एंड हॉलमार्किंग सेंटर जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर-RF/JLR/2026/53 दिनांक 06.01.2026 को पता-आदर्श कॉम्प्लेक्स, एसबीआई बैंक के पास, तिलक द्वार, जालोर तहसील व जिला जालोर में 50% की भागीदारी है, जिसमें से मैने दिनांक 20.02.2026 को भागीदारी निकाल ली है।
अगर इसमें किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो कृपया इस आम सूचना से 10 दिनों के भीतर जिला उद्योग केन्द्र, जालोर को सूचित करें।
अब इस फर्म में राज कुमार सोनी व नीलम कुमारी सक्रिय भागीदार है।
इति दिनांक 20.02.2026

विनोद कुमार पुत्र श्री मांगी लाल
(मो.नं. 9782737474)

सक्रिय भागीदार-
1. राज कुमार सोनी पुत्र श्री जुगराज सोनी
(मो.नं. 7014384293)
2. नीलम कुमारी पत्नि श्री विनोद कुमार
(मो.नं. 9521507404)